सिद्धार्थनगर पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 02-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।

आज दिनांक 02.11.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

प्रेस नोट दिनांक 02-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆जनपदीय एन्टीथेफ्ट टीम व थाना गोल्हौरा पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा चोरी की 02 घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार।

◆अभियुक्तगण कब्जे से 06 अदद मोबाइल व एसेसरीज तथा ₹8680 नगद बरामद।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, डॉ0 अभिषेक महाजन जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व प्रवीण प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण तथा संजय कुमार मिश्रा प्रभारी निरीक्षक थाना गोल्हौरा के कुशल नेतृत्व में थाना गोल्हौरा व जनपदीय एन्टी थेफ्ट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 92/2026 धारा 305A,331(4) BNS से सबंन्धित अभियुक्तगण 01. सलमान पुत्र महबूब निवासी जमलाजोत थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर व 02.हसामुद्दीन पुत्र हमीउद्दीन निवासी हाजीजोत थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर को मुखबीर खास की सूचना पर आज दिनांक 02.11.2026 को अतरमुन नानकार के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्तगण कब्जे से चोरी के 06 अदद मोबाइल व एसेसरीज, ₹8680 नगद बरामद किया गया। बारमदगी के आधार पर अभियोग मे धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्णकर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 21/22.10.2026 की रात्रि को बहादुरगंज मोबाइल की दुकान में हुई चोरी के अनावरण हेतु दिनांक 01/02.11.2026 की रात्रि जनपदीय एन्टी थेप्ट टीम व थाना गोल्हौरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कस्बा जिगनिहवा में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग व रात्रि गश्त के दौरान कस्बा जिगनिहवा पर मौजूद थे कि मुखबीर खास द्वारा सूचना मिली कि 02 संदिग्ध व्यक्ति ग्राम अतरमुन नानकार की तरफ से आ रहे है, संदिग्ध व्यक्तियो को रोककर पूछताछ व जामा तलाशी ली गयी तथा उनके पास से 06 अदद मोबाइल व एसेसरीज, ₹8680 नगद बरामद हुआ बरामदगी के संबंध में पूछ-ताछ किया गया तो अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि दिनांक 21/22.10.2026 की रात्रि बहादुरगंज स्थित जे0के0 मोबाइल की दुकान से हम दोनो व आशिफ पुत्र अब्दुल कासिम निवासी सेमरा थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर के साथ मिलकर मोबाइल चोरी किये थे तथा बेचने के लिये नेपाल जा रहे थे तथा बरामद रुपये के बारे में पूछने पर बताया कि दिनांक 16/17.10.2026 की रात्रि को हम तीनो ग्राम वालेजिनवा थाना गोल्हौरा घर में चोरी किये थे।

बरामदगी का विवरणः-

01. 06 अदद मोबाइल व एसेसरीज

02. ₹8680 नगद बरामद

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः-

01. सलमान पुत्र महबूब निवासी जमलाजोत थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

02. हसामुद्दीन पुत्र हमीउद्दीन निवासी हाजीजोत थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

01.उ0नि0 रवीन्द्र कुमार चन्द्रा, उ0नि0 प्रमोद कुमार पाण्डेय,उ0नि0 नन्दलाल यादव,उ0नि0 दीनदयाल सिंह थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

02.उ0नि0 ओमप्रकाश मिश्रा प्रभारी एन्टी थेफ्ट टीम

03.हे0का0 कपिलदेव बौद्ध, हे0का0 हनुमान मौर्या,का0 रविकान्त मिश्रा थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

04.हे0का0 जनार्दन प्रजापति, हे0का0 इन्द्रेश यादव, हे0का0 अमित यादव, हे0का0 रमेश कुमार, हे0का0 धर्मेन्द्र, का0 अभिनन्दन सिंह

प्रेस नोट दिनांक 02-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆थाना गोल्हौरा के गैंगस्टर एक्ट में वांछित ₹25,000/- के इनामिया अभियुक्त को एसओजी एवं थाना गोल्हौरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

◆अभियुक्त सतीश गौड़ जनपद में घटित स्वर्ण व्यवसायी प्रभंजन कुमार की लूट एवं हत्या की सनसनीखेज घटना में भी संलिप्त रहा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं विश्वजीत सौरयान, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में एसओजी टीम प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय एवं प्रभारी निरीक्षक गोल्हौरा संजय मिश्रा की संयुक्त टीम द्वारा थाना गोल्हौरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0083/2026, धारा 2(b)(i), 3(1) गैंगस्टर एक्ट में वांछित ₹25,000/- के इनामिया अभियुक्त सतीश गौड़ को आज दिनांक 02.11.2026 को समय करीब 07:45 बजे सुबह बहद ग्राम तिवारीपुर, इटवा-बांसी मार्ग स्थित शिव मंदिर के पास से अभियुक्त सतीश गौड़ को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

पूर्व की घटना का विवरण-

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त सतीश गौड़ ने दिनांक 11.04.2025 को अपने 04 अन्य साथियों के साथ मिलकर थाना गोल्हौरा क्षेत्र में स्वर्ण व्यवसायी प्रभंजन कुमार की रेकी कर लूट की योजना बनाई थी तथा लूट के दौरान विरोध करने पर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। उक्त घटना में एसओजी एवं थाना गोल्हौरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 12/13.04.2025 की रात्रि में पुलिस मुठभेड़ के दौरान सतीश गौड़ सहित 03 अभियुक्तों तथा बाद में 02 अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया गया था।

अभियुक्त की आपराधिक गतिविधियों के दृष्टिगत उसके विरुद्ध थाना गोल्हौरा पर मु0अ0सं0 0083/2026, धारा 2(b)(i), 3(1) गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था, जिसमें वह लगातार फरार चल रहा था। गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा ₹25,000/- का पुरस्कार घोषित किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

01.सतीश गौड़ पुत्र शिवदीन गौड़ निवासी ग्राम एवं थाना गोल्हौरा, जनपद सिद्धार्थनगर।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 36/2025, धारा 103(1), 309(6), 3(5) बीएनएस, थाना गोल्हौरा।
2. मु0अ0सं0 37/2025, धारा 3(5), 109(1) बीएनएस एवं 3/25, 5/27(1) आर्म्स एक्ट, थाना गोल्हौरा पुलिस पार्टी पर फायरिंग एवं जानलेवा हमला।

3. मु0अ0सं0 0083/2026, धारा 2(b)(i), 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986, थाना गोल्हौरा, जनपद सिद्धार्थनगर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम—

01. निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय प्रभारी एसओजी जनपद सिद्धार्थनगर।

02. निरीक्षक संजय कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक गोल्हौरा मय टीम थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

03. उ0नि0 शशिकांत कुमार प्रभारी सर्विलांस सेल जनपद सिद्धार्थनगर।

04. जनपदीय एसओजी टीम/सर्विलांस सेल टीम- उ0नि0 रणविजय सिंह, हे0का0 राजीव शुक्ला, मनोज राय, मनिंद्र प्रताप चंद, दिलीप कुमार, का0 वीरेंद्र त्रिपाठी, रोहित चौहान, छविराज यादव, सत्येंद्र यादव एवं हे0का0 विवेक मिश्रा व पुष्पेंद्र गौतम सर्विलांस सेल।

05. का0 अमरजीत यादव, का0 सुमित मिश्रा थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 02-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा दुष्कर्म के आरोपी वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के द्वारा चलाये जा रहे अभियान अपराध की रोकथाम व वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में, अरुण कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 02.11.2026 को थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0077/2026 धारा 65(1)/87/137(2) BNS व 3/4 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सुमेर उर्फ रामू पुत्र राजेन्द्र साकिन पीकापार थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर को कपिया मिश्र गांव पुलिया के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः-

01.सुमेर उर्फ रामू पुत्र राजेन्द्र साकिन पीकापार थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.उ0नि0 जयप्रकाश यादव थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

2.हे0का0 राजेश गौड थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर

3.म0का0 जय चौधरी थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर

प्रेस नोट दिनांक 02-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆थाना पथरा बाजार पुलिस द्वारा आत्महत्या का दुष्प्रेरण से सम्बन्धित 02 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में जनार्दन प्रसाद थानाध्यक्ष थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 02.11.2026 को थाना पथरा बाजार पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 085/2026 धारा 108/352 बीएनएस से सम्बन्धित 02 नफर वांछित अभियुक्त 01. इरफान पुत्र रुआब अली साकिन चेतरा थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर को कोनकटी बाजार से तथा 02.नीतू पुत्री मायाराम साकिन चेतरा थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर को चेतरा समय 09.45 बजे गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 29.10.2026 को अभियुक्तगण 01. इरफान पुत्र रव्वाब अली साकिन चेतरा थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर, व 02.नीतू पुत्री मायाराम साकिन चेतरा थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के मध्य आपसी प्रेम प्रसंग होने तथा वादिनी व उसके परिजन के द्वारा शादी करने से मना करने पर वादिनी की लड़की नीतू घर से इरफान के घर चली जाने तथा वादिनी की दूसरी पुत्री सुशीला (मृतका) के द्वारा इरफान पुत्र रव्वाब के घर पर जाकर इरफान व नीतू को समझाने बुझाने का प्रयास करने पर विपक्षीगण द्वारा सुशीला को अपमानित किये जाने के कारण वादिनी की लड़की (सुशीला) जहर खा लेना तथा इलाज के दौरान जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर मे मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 085/2026 धारा 108/352 बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

अभियुक्तगण का विवरण-

01. इरफान पुत्र रव्वाब अली साकिन चेतरा थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
02.नीतू पुत्री मायाराम साकिन चेतरा थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

गिरफ्तार करने वाली टीम

01-उ0नि0 उदयनाथ मिश्रा थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
02-का0 श्रीकान्त मिश्रा थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
03का0 शुभम वर्मा प्रथम थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
04- म0का0 नेहा सिह थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 02-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना मोहाना पुलिस की प्रभावी पैरवी से एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को 09 माह के कठोर कारावास व ₹1000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम मे आज दिनांक 02.11.2026 को वाद सं0-176/2022 मु0अ0सं0-26/2022 धारा 8/21/23 एनडीपीएस एक्ट थाना मोहाना में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री मोहम्मद रफी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-01 जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त शिवकुमार केवट पुत्र रुपनरायन निवासी कंचन थाना सुर्यपुरा जनपद रुपनदेही राष्ट्र नेपाल को 09 माह के कठोर कारावास व ₹1000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक रामसूरत यादव तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी पूरन यादव थाना मोहाना का सराहनीय योगदान रहा।

प्रेस नोट दिनांक 02-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ प्रभारी निरीक्षक थाना सिद्धार्थनगर द्वारा आगामी त्यौहार माँ लक्ष्मी पूजा, धनतेरस दीपावली के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के मूर्ति पूजा आयोजकों व डीजे संचालको, संभ्रात व्यक्तियों , धर्मगुरूओं के साथ की गयी पीस कमेटी की गोष्ठी।

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सौरयान निर्देशन में नवीन कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 02.11.2026 को थाना स्थानीय पर आगामी त्यौहार माँ लक्ष्मी पूजा, धनतेरस दीपावली के संबंध में पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के मूर्ति पूजा आयोजकों, व सम्भ्रान्त व्यक्तियो के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई, सभी को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्वक,त्यौहार को मनाये जाने की अपील की गयी। बैठक में मौजूद सभी व्यक्तियों से त्यौहार के दृष्टिगत शासन / उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त गाइडलाइन से अवगत कराया गया एवं उपस्थित सभी लोगों की समस्याओं को भी सुना गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

प्रेस नोट दिनांक 02-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆थानाध्यक्ष कठेला समयमाता द्वारा आगामी त्यौहार माँ लक्ष्मी पूजा, धनतेरस दीपावली व छठ पूजा के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के मूर्ति आयोजकों व डीजे संचालको,संभ्रात व्यक्तियों,धर्मगुरुओं के साथ की गयी पीस कमेटी की गोष्ठी।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व मंयक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहतगढ के कुशल निर्देशन व थानाध्यक्ष थाना कठेला समय माता नरायन लाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में आज दिनांक 02.11.2026 को आगामी त्यौहार लक्ष्मी पूजा धनतेरस/ दीपावली के दृष्टिगत थाना क्षेत्र मे लक्ष्मी-गणेश प्रतिमा रखने वाले व गांव के सभी सम्भ्रांत व्यक्तियों/डी0जे0 धारको की थाना स्थानीय पर पीस कमेटी का आयोजन किया गया जिसमे सभी प्रतिमा संस्थापको की उपस्थिती मे शासन द्वारा जारी उच्चाधिकारी गणों के आदेशो व निर्देशो से अवगत कराया गया व आगामी धनतेरस/ दीपावली /लक्ष्मी पूजा सभी त्यौहारों को शान्तिपूर्वक मनाने के लिये उचित दिशा-निर्देश दिया गया।

प्रेस नोट दिनांक 02-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ थानाध्यक्ष मोहाना द्वारा आगामी त्यौहार माँ लक्ष्मी पूजा , धनतेरस दीपावली व छठ पूजा के दृष्टिगत थाना क्षेत्र लोटन के मूर्ति आयोजकों व डीजे संचालको, संभ्रात व्यक्तियों , धर्मगुरुओं के साथ की गयी पीस कमेटी की गोष्ठी।

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के अनुक्रम में आगामी त्यौहार लक्ष्मी पूजा , छठ पूजा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत प्रशांत कुमार,अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा आज दिनांक 02.11.2026 को चौकी ककरहवा पर ग्राम प्रधानों, बीडीसी ,संभ्रांत व्यक्तियों ,लक्ष्मी पूजा आयोजको, DJ धारको, व्यापार मण्डल के सदस्यों की उपस्थिति में आगामी त्यौहार लक्ष्मी पूजा, छठ पूजा को सकुशल व सौहार्दपूर्ण मनाने हेतु पीस कमेटी की बैठक की गई तथा सभी से वार्ता की गई। सभी को उच्च अधिकारीगण, शासन व माननीय न्यायालय से प्राप्त गाइडलाइन के संबंध में बताया गया तथा सभी से त्यौहार को सकुशल सम्पन्न करने हेतु अपील की गयी।

प्रेस नोट दिनांक 02-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ प्रभारी निरीक्षक बांसी द्वारा आगामी त्यौहार माँ लक्ष्मी पूजा , धनतेरस दीपावली व छठ पूजा के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के मूर्ति आयोजकों व डीजे संचालको, संभ्रात व्यक्तियों , धर्मगुरुओं के साथ की गयी पीस कमेटी की गोष्ठी।

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण में महेन्द्र प्रताप चतुर्वेदी प्रभारी निरीक्षक बांसी द्वारा आज दिनांक 02.11.2026 को थाना स्थानीय पर आगामी त्यौहार माँ लक्ष्मी पूजा ,धनतेरस दीपावली व छठ पूजा के संबंध में पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के भिन्न- भिन्न ग्रामो के मूर्ति आयोजकों, व सम्भ्रान्त व्यक्तियो, के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई, सभी को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्वक,त्यौहार को मनाये जाने की अपील की गयी। बैठक में मौजूद सभी व्यक्तियों से त्यौहार के दृष्टिगत शासन / उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त गाइडलाइन से अवगत कराया गया। शान्ति व्यवस्था को मुख्य रुप से विषयवस्तु बनाकर विस्तृत चर्चा किया गया,आदेश–निर्देश से अवगत कराया गया एवं उपस्थित सभी लोगों की समस्याओं को भी सुना गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

प्रेस नोट दिनांक 02-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ थानाध्यक्ष लोटन द्वारा आगामी त्यौहार माँ लक्ष्मी पूजा , धनतेरस दीपावली व छठ पूजा के दृष्टिगत थाना क्षेत्र लोटन के मूर्ति आयोजकों व डीजे संचालको, संभ्रात व्यक्तियों , धर्मगुरूओं के साथ की गयी पीस कमेटी की गोष्ठी।

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सौरयान की अध्यक्षता में व थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा आज दिनांक 02.11.2026 को थाना स्थानीय पर आगामी त्यौहार माँ लक्ष्मी पूजा ,धनतेरस दीपावली व छठ पूजा के संबंध में पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के भिन्न- भिन्न ग्रामो के मूर्ति आयोजकों, व सम्भ्रान्त व्यक्तियो, के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई, सभी को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्वक,त्यौहार को मनाये जाने की अपील की गयी। बैठक में मौजूद सभी व्यक्तियों से त्यौहार के दृष्टिगत शासन / उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त गाइडलाइन से अवगत कराया गया। शान्ति व्यवस्था को मुख्य रुप से विषयवस्तु बनाकर विस्तृत चर्चा किया गया,आदेश–निर्देश से अवगत कराया गया एवं उपस्थित सभी लोगों की समस्याओं को भी सुना गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

प्रेस नोट दिनांक 02-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆क्षेत्राधिकारी इटवा द्वारा थाना मिश्रौलिया पर थानाध्यक्ष मिश्रौलिया के साथ थानाक्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, मूर्तिकार, डी0जे0 धारक एवं प्रतिमा स्थापित करने वाले आयोजकों तथा उनके कमेटी के सदस्यों के साथ पीस कमेटी बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन में आज दिनांक 02.11.2026 को सुश्री रोहिणी यादव क्षेत्राधिकारी इटवा द्वारा थाना मिश्रौलिया पर थानाध्यक्ष मिश्रौलिया के साथ थानाक्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, मूर्तिकार, डी0जे0 धारक एवं प्रतिमा स्थापित करने वाले आयोजकों तथा उनके कमेटी के सदस्यों के साथ पीस कमेटी बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया। मीटिंग में उपस्थित सभी व्यक्तियों से उक्त त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशो का पालन करने तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र (डी0जे0) संचालन माननीय न्यायालय द्वारा निर्देशित आदेश के अनुरुप किये जाने हेतु अवगत कराया गया।

प्रेस नोट दिनांक 02-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 6.0 अभियान के तहत थाना ढ़ेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय भरौली की बालिकाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध सुरक्षा व हेल्पलाइन नम्बर, दहेज उत्पीड़न, नए कानून आदि के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी तथा थानाध्यक्ष चंद्रकांत पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 02.11.2026 को थाना ढ़ेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय भरौली बालिकाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध सुरक्षा व हेल्पलाइन नम्बर, दहेज उत्पीड़न, नए कानून आदि के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया तथा सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी व महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबरों-112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम का विवरण--

1. उप0नि0 सोमनाथ शर्मा
2. हे 0 का 0 दहारी यादव
3.. म0आ0 लक्ष्मी
4. म 0आ0 संगीता निषाद

प्रेस नोट दिनांक 02-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆कम्यूनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना मोहाना कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम लकड़ी में वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान (IPS) के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह थाना मोहाना के कुशल नेतृत्व में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 02.11.2026 को थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के ग्राम लकड़ी में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, गोष्ठी के दौरान ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे है।इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर–

म0का0काजल अग्रहरि

प्रेस नोट दिनांक 02-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆कम्यूनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना भवानीगंज कम्यूनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के सर सहीमुद्दीन जूनियर हाई स्कूल परसपुर में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन कर बच्चों को नशामुक्ति एवं साइबर अपराध जागरूकता अभियान व विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में, थाना प्रभारी महोदय विजय शंकर सिंह के निर्देशन में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 02.11.2026 को थाना भवानीगंज,जनपद सिद्धार्थनगर सर सहीमुद्दीन जूनियर हाई स्कूल परसपुर में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया।सीपीयू के अंतर्गत नशामुक्ति एवं साइबर अपराध के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। महिलाओं को नशामुक्ति एवं साइबर अपराध के सम्बन्ध में अवगत किया गया तथा उन्हें साइबर हेल्पलाइन नं 1930 के बारे में भी बताया गया। आवश्यक पुलिस सहायता हेतु सीपीयू टीम प्रभारी का नंबर भी प्रदान किया गया।लोगों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

कम्युनिटी पुलिसिंग टीमथाना सिद्धार्थनगर

1.उ0नि0 रामसुरेश
2.कां0 राजमणि
3.कां0अनिल यादव
4.कां0 रवि जायसवाल
5.म0आ0 उर्मिला

प्रेस नोट दिनांक 02-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 6 के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के रुद्रपाल इंटर कालेज लटेरा में छात्र/छात्राओं को महिला अपराध, साइबर अपराध सुरक्षा व हेल्पलाइन नम्बर, दहेज उत्पीड़न, नए कानून आदि के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 02/11/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी इटवा " पवीन प्रकाश" तथा प्रभारी निरीक्षक "अनिल कुमार दूबे" थाना इटवा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति व साइबर क्राइम, मिशन शक्ति केंद्र, बहू बेटी सम्मेलन एवं नए कानून के संबंध व साइबर के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत रुद्रपाल इंटर कालेज लटेरा में छात्र/छात्राओं को जागरुक किया गया। मिशन शक्ति संबंधी बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 6 को कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबर, कानूनों की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किये गये अभियान* के तहत जागरुक किया गया महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- 112 पुलिस आपातकान सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन,1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन,108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम-

उ0नि0 राजेंद्र कुमार शाही
उ0नि0 राम सुरेश यादव
हे0का0 सचिंद्र भारती
म 0 आ0 साधना यादव
म 0आ रीता मौर्या

प्रेस नोट दिनांक 02-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 6 कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना शिवनगर डिड़ई मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा सेमरहना मे आयोजित श्री राम कथा पाण्डाल मे उपस्थित महिलाओ एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के बारे मे जागरूक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता के तहत आज दिनांक 02/11/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी बाँसी शुबेंदु सिंह तथा थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना शिवनगर डिड़ई मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के सेमरहना मे आयोजित श्री राम कथा पाण्डाल मे उपस्थित महिलाओ एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के बारे मे जागरूक किया गया महिलाओं बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। मा0मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज-06 के विषय मे महिलाओं को महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर -

1.उ0नि0 जय प्रकाश पाण्डेय

2.म0हे0का0नीलम शुक्ला

3.म0का0प्रतिमा दूबे

प्रेस नोट दिनांक 02-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली, छठपूजा के दृष्टिगत जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 02.11.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपद के क्षेत्राधिकारी/ थाना प्रभारी द्वारा आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली, छठपूजा के दृष्टिगत जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।